# यूपीईएस में पांचवें साल भी शत-प्रतिशत प्लेसमेंट

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**देहरादून।** यूपीईएस ने लगातार पांचवें वर्ष शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल करने में कामयाब रहा। इस साल विश्वविद्यालय ने आईटी, ई-कॉमर्स, तेल-गैस, कानूनी, बीएफएसआई, विनिर्माण, आटोमोबाइल, फार्मा, एफएमसीजी, रिटेल, दूरसंचार जैसे विभिन्न उद्योगों से 660 से अधिक कैंपस प्लेसमेंट की मेजबानी की।

यूपीईएस ने शानदार प्लेसमेंट रिकार्ड के साथ स्नातकों को दी जाने वाली उच्चतम सीटीसी में तीन गुना वृद्धि की है। यूपीईएस के कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया में कुल 2696 छात्रों ने भाग लिया जिन्हें 660 से अधिक

**■ छात्रों को मिले 660 से अधिक कम्पनियों से कुल 2750 ऑफर**

कंपनियों से कुल 2750 आफर प्राप्त हुए। यूपीईएस में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने वाली कंपनियों में अमेजॉन, माइक्रोसाफ्ट, एडोब, सिस्को, सेल्सफोर्स, एलएंडटी, आईबीएम, सैमसंग रिसर्च, वीएमवेयर, ईवाई, पीडब्ल्यूसी, कैपजेमिनी, बार्कलेज, एमेक्स, केपीएमजी समेत अनेक कंपनियां शामिल थीं। यूपीईएस एन्हांस्ड डेवलपमेंट ग्रोथ एंड एनरिचमेंट (ईडीजीई) जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को उद्योग के लिए तैयार करने पर जोर देता है। इसके अलावा ईडीजीई टीम उद्योग भागीदारों के साथ आन-कैंपस प्रशिक्षण की सुविधा भी प्रदान करती है। यूपीईएस के सात स्कूलों के छात्र योग्यता, साफ्ट स्किल्स, समूह चर्चा, माक इंटरव्यू, बायोडाटा लेखन, पोर्टफोलियो निर्माण समेत कई प्रशिक्षण सत्रों में भाग लेते हैं।

रजिस्ट्रार और प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट डायरेक्टर मनीष मदान ने कहा कि उत्कृटता के प्रति प्रतिबद्धता यूपीईएस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद छात्रों के लिए अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उद्योग की डिमांड के अनुरूप यूपीईएस के छात्र आत्मविश्वास व आवश्यक कौशल से लैस है।